प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

11.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

0000

मुख्य न्यायाधीश शपथ

न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना आज देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे, जो रविवार को सेवानिवृत हो गए।

लवी मेला

शिमला ज़िले के रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले का शुभारम्भ करेंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याएं, खेलकूद प्रतियोगिताएं और विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू 14 नवम्बर को लवी मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले में हर साल करोड़ों रूपए का कारोबार होता है।

रेणुका जी मेला

दूसरी ओर सिरमौर ज़िले का अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला भी आज शुरू हो रहा है। ये मेला मां रेणुका और पुत्र परशुराम के पारंपरिक मिलन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रेणुका जी मेले का पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ शुभारंभ करेंगे और शोभायात्रा में शामिल होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के भुरेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा का अनावरण और वन वाटिका

का उद्घाटन भी करेंगे। मुख्यमंत्री का कवागधार हेलीपेड का लोकार्पण करने का भी कार्यक्रम है।

**शहीद**

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना के विशेष बल के जवान नायब सूबेदार राकेश कुमार शहीद हो गए हैं। मंडी जिला के बल्ह उपमंडल से संबध रखने वाले शहीद राकेश कुमार की पार्थिव देह आज हेलीकॉप्टर के माध्यम से कंगनीधार पहुंचेगी। बाद में शहीद राकेश कुमार की देह का उनके पैतृक गांव बरनोग में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है कि इस आतंकी मुठभेड़ में सेना के तीन जवान भी घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व अन्य नेताओं ने राकेश कुमार की शहादत पर श्रद्धाजंलि अर्पित की है।

**अग्निकांड**

शिमला जिले में रोहड़ू उपमंडल के सेरी गांव में आज तड़के करीब चार बजे आगजनी की एक घटना में चार घर पूरी तरह जल गए जबकि एक मवेशी की गऊशाला में जलकर मौत हो गई। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद दमकल विभाग व स्थानीय लोगों की कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया गया। स्थानीय प्रशासन के अनुसार नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रभावित परिवारों को उचित राहत राशि व अन्य मदद मुहैया करवाई जाएगी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

**मौसम**

प्रदेश में शुष्क मौसम व कुछ जिलों में कोहरे के चलते न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से लगातार ठंड में इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में बिलासपुर के भाखड़ा डैम और मंडी जिले की बल्ह घाटी सहित कई अन्य क्षेत्रों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार आज प्रदेश के 5 जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार बने हैं। हालांकि अधिकतर जिलों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है।

**बैठक**

शिमला स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमियाना में स्वास्थ्य सेवाएं बंद होने को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के बीच प्रदेश सचिवालय में होगी। गौरतलब है कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मरीजों को लाने ले जाने में हो रही दिक्कतों और सड़कों की खस्ता हाल पर कड़ा संज्ञान लेते हुए यहां पर ओपीडी के संचालन पर फिलहाल हाई कोर्ट ने रोक लगा रखी है।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला** की सुर्खी हैं **बड़े कॉरपोरेट घरानों का एकाधिकार अर्थव्यवस्था के लिए खतरा। दैनिक भास्कर व आपका फैसला** का एक जैसा शीर्षक है **कुछ कंपनियों के एकाधिकार पर राहुल की चिंता का मुख्यमंत्री ने किया समर्थन। हिमाचल दस्तक** का शीर्षक है **राहुल गांधी मात्र आलोचना नहीं परिवर्तन की कर रहे मांग।**

विधायक खरीद–फरोख्त मामले से जुड़ी खबर को **पंजाब केसरी** ने शीर्षक दिया है **विधायकों के आवागमन के लिए बिलासपुर के एक भाजपा विधायक ने बुक करवाए थे चौपर।**

**किश्तवाड़ मुठभेड़ में मंडी के जे सी ओ राकेश कुमार शहीद दिव्य हिमाचल** की एक खबर है।

मौसम पर **दैनिक जागरण** का शीर्षक है **प्रदेश में कोहरे से हवाई व सड़क यातायात प्रभावित।**